अतिशीघ्र / तत्काल
विधानसभा प्रश्न

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
शिक्षा निदेशालय, पुराना सचिवालय, दिल्ली–110054
विधायी कार्य शाखा / प्रश्न कक्ष

संख्या – डी.ई. 25(13)/470/एल.डब्ल्यू./2022–23/2017-18, दिनाँक – 14/12/23

सेवा में,

श्रीमान् उप सचिव (प्रश्न कक्ष)
दिल्ली विधान सभा सचिवालय,
पुराना सचिवालय, दिल्ली–110054।

विषय– विधानसभा अतारांकित प्रश्न संख्या...34, दिनाँक – 15.12. 2023 के सन्दर्भ में।

महोदय,

आपके द्वारा प्रेषित उपरोक्त विधानसभा अतारांकित प्रश्न संख्या...34(100 प्रतियाँ), जो कि दिनाँक–15.12.2023 के लिए सूचीबद्ध किया गया है, का उत्तर सक्षम प्राधिकारी के पूर्वानुमति से आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जाता है।

संलग्नक – उपरोक्तानुसार

भवदीय

Geeta Thakur

(गीता ठाकुर)
उप शिक्षा निदेशक (विधायी कार्य शाखा)
DDE (LW)
Dte. of Education
G.N.C.T. of Delhi

संख्या – डी.ई. 25(13)/470/एल.डब्ल्यू./2022–23/2017-18, दिनाँक – 14/12/23

प्रतिलिपि – निदेशक, सूचना एवं प्रचार विभाग, दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली – 110054 को 150 प्रतियाँ अग्रिम एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाती है।

Geeta Thakur

(गीता ठाकुर)
उप शिक्षा निदेशक (विधायी कार्य शाखा)

DDE (LW)
Dte. of Education
G.N.C.T. of Delhi

विभाग का नाम :– शिक्षा विभाग

विभाग का पता :– पुराना सचिवालय, दिल्ली – 110054

अतारांकित प्रश्न संख्या :– 34

दिनाँक :–15.12.2023

प्रश्नकर्ता का नाम :– श्री अजय महावर

क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:–

| क्रम सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क) | क्या यह सत्य है कि घोंडा विधान सभा में जनकल्याण स्कूल भजनपुरा (RDJK(G) Co-Ed Sr. Sec. School/(RDJK Boys Sr. Sec. School में कक्षा 6 से 10 तक के बच्चे आज भी पोर्टा केबिन में पढ़ रहे हैं; | जी हाँ। |
| ख) | यदि हाँ, तो कब तक स्कूलों में पोर्टा केबिन खत्म करके पक्के कमरे बना दिये जायेंगे; | इस संबंध में डीडीए ने अस्थाई तौर पर शिक्षा निदेशालय को भूमि दी है, डीडीए द्वारा शिक्षा निदेशालय को स्थाई तौर पर उक्त भूमि आवंटित करने हेतु प्रक्रिया चल रही है। भूमि आंवटित हो जाने पर पक्का भवन का निर्माण प्रांरभ किया जाएगा। |
| ग) | कितने मान्यता प्राप्त एनजीओ शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवायें प्रदान करने के लिये शिक्षा विभाग से संबंधित हैं, इसकी सूची प्रदान करें और इसे प्रकाशित करें; | समय–समय पर अलग–अलग NGOs आवश्यकतानुसार विभाग के साथ कार्य करते हैं। संबंधित NGOs की सूची इस प्रकार है:– |

**NGO अनुभाग से संबंधित:-**

| S. No | List of NGO's/Organisation |
|---|---|
| 1. | Aruna Kishor Foundation Vadodara |
| 2. | Tech for India, Green Park Extension, New Delhi. |
| 3. | Newgen software Technologies Limited, Okhla Phase-I, New Delhi |
| 4. | CARE PROMISE WELFARE SOCIETY, 331, First Floor, Sant Nagar, East of Kailash, New Delhi-110065 |
| 5. | Sambhav Foundation Jayaprakash Nagar, Bangalore-560078 |
| 6. | Bharati Foundation, Bharti Crescent, 1, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj, Phase-II, New Delhi |
| 7. | Meghshala, Bengaluru-560001 |
| 8 | Magic Bus India Foundation, B-13, 3rd floor, Sector-2, Near Sector-15 Metro Station Noida-201301. |
| 9. | AADHAAR, An Association for Development, Harmony And Action Research |
| 10. | Agastya International Foundation, No.101, Varsav Plaza, 12 Jayamahal Main Road, Bangalore-560046 |
| 11. | Assocham Foundation for Corporate Social Responsibility, 4th Floor, YMCA CCL Building, 1 Jai Singh Road, New Delhi-110 001 |

Geeta Thakur

DDE (LW)
Dte. of Education
G.N.C.T. of Delhi

घ) दिल्ली सरकार द्वारा इन एनजीओ को 2015 से अब तक कितना फंड दिया गया है, इन एनजीओ ने इस फंड का इस्तेमाल किन–किन कार्यों में सही प्रकार से पूर्ण किया, इसकी जानकारी प्रदान करें; और

एनजीओ सीएसआर के अंतर्गत कार्य करते हैं। विभाग द्वारा उपरोक्त एनजीओ को कोई वित्तीय फंड नहीं दिया गया है।

ङ) दिल्ली के सरकारी स्कूलों में कितने प्रिंसिपल, कितने वाइस प्रिंसिपल और कितने शिक्षकों की कमी है उसकी पूर्ण जानकारी दी जाये साथ ही उन नियुक्तियों को भरने के लिये सरकार क्या कदम उठा रही है?

दिल्ली के सरकारी स्कूलों में रिक्तियों का विवरण निम्नलिखित है:–

| पद का नाम | स्वीकृत पद | नियमित शिक्षक | अतिथि शिक्षक | खाली पद |
|---|---|---|---|---|
| प्रधानाचार्य | 950 | 736 | – | 214 (120 डी.आर +94 डी.पी.) |
| उप–प्रधानाचार्य | 1670 | 1029 (Including 614 ad hoc) | – | 641 |
| शिक्षक | 64888 | 48109 | 13929 (लगभग) | 2850 |

**प्रधानाचार्य:–**

**पदोन्नति:**–35 रिक्त पद समाप्त मानी गई श्रेणी के अंतर्गत आते हैं। उक्त पदों के पुनरूद्धार का प्रस्ताव पोस्ट फिक्सेशन सेल (पीएफसी) और एआर विभाग, जीएनसीटी (दिल्ली) में विचाराधीन है।

महिला वर्ग के 54 रिक्त पद वरिष्ठता सूची हेतु कोई पात्र उप–प्रधानाचार्य उपलब्ध नहीं होने के कारण नहीं भरे जा सके। अतः महिला वर्ग के उक्त 54 रिक्त पद को रिक्ति वर्ष 2024 में अग्रेषित किया जाएगा।

शेष 05 रिक्त पद अगले वर्ष डीपीसी में भरे जाएंगे क्योंकि उक्त रिक्ति 31.05.2023 को आयोजित चालू वर्ष डीपीसी के बाद 26.09.2023 को उत्पन्न हुई थी।

**सीधी भर्ती:**– 24 पद भर्ती प्रक्रिया में है। 96 पद रिक्त हैं, 96 रिक्त पदों में से, रिक्ति वर्ष 2021,2022 और 2023 से संबंधित 84 पदों की अधियाचना पीबीआर रोस्टर के पूरा होने और पहले से चल रही 365 पदों की भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद भेजी जाएगी तथा प्रधानाचार्य के 12 पद अदालती मामलों के कारण लंबित हैं।

**उप–प्रधानाचार्य:–**

**सीधी भर्ती:**–भर्ती नियम 15.10.2018 के अनुसार उप–प्रधानाचार्य के पद के लिए चयन का तरीका सीधी भर्ती द्वारा 50 प्रतिशत एवं विभागीय पदोन्नति द्वारा 50 प्रतिशत है। सीधी भर्ती कोटा के तहत 131 रिक्त पदों को भरने के लिए यूपीएससी को पत्र संख्या एफ.43(1)/Sectt.Br/Edn/2020/2009 दिनांक 04.03.2022 के माध्यम से मांग भेजी गयी है। आयोग द्वारा इन पदों को भरने हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 11.12.2022 को आयोजित की गई थी जिसका परीक्षा फल दिनांक 17.01.2023 को आ चुका है। आयोग द्वारा उत्तीर्ण उम्मीदवारों के साक्षात्कार हेतु तिथि जारी की जा चुकी है जो कि दिनांक 11.12.2023 से 22.12.2023 तक प्रस्तावित है।

**पदोन्नति:**– वर्तमान में उप प्रधानाचार्य के 1027 पद, व्यय विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन दिनांक 12.04.2017 के अनुसार 'समाप्त माने गए' श्रेणी के अंतर्गत हैं। उक्त पदो के पुनरूद्धार हेतु प्रस्ताव प्रशासनिक सुधार विभाग

Geeta Thakur
DDE (LW)
Dte. of Education
G.N.C.T. of Delhi

को भेजा जा चुका है, हालांकि, इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी अभी भी प्रतीक्षित है। उक्त पदो के पुनरूद्धार की मंजूरी मिलने पर सभी रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी।

**शिक्षकः—**

**पीजीटी / इवीजीसीः**—पीजीटी / इवीजीसी अध्यापकों से सम्बंधित नियुक्तियों को भरने के लिए सीधी भर्ती कोटा के तहत 638 पदों की मांग डीएसएसएसबी को भेज दी गई है और यह प्रक्रियाधीन है।

पदोन्नति कोटे के अंतर्गत 2641 पदों की विषयवार डीपीसी प्रक्रियाधीन है। इसके अतिरिक्त दिल्ली सरकार ने इन रिक्त पदों को भरने के लिए अस्थाई अध्यापकों की व्यवस्था की हुई है।

**टीजीटी / टीजीटी (एम.आई.एल.)ः**—टीजीटी / टीजीटी (एम.आई.एल.) के रिक्त पद को भरने के लिए 4536 संशोधित अधियाचन 29.11.2023 को डीएसएसएसबी को भेजा गया था और विभागीय पदोन्नति के लिए डीपीसी अगस्त 2023 को आयोजित की गई थी। जिसमें 4134 पदों में से केवल 1216 डोजियर प्राप्त हुए और 733 शिक्षकों का टीजीटी / टीजीटी (एम.आई.एल.) पद पर पदोन्नति के लिए चयन किया गया।

**विविध शिक्षकः**—विविध शिक्षकों के 1049 पदों के लिए सत्र 2021—22 में एवं 1355 पदों के लिए सत्र 2022—23 में डीएसएसएसबी को मांग भेजी गई।

**विशेष शिक्षक(पीजीटी / टीजीटी)ः**—टीजीटी रिक्तियों (टीजीटी—सेट) को भरने के लिए डीएसएसएसबी को भेजी गई मांग, 364 पदों के लिए दिनांक 30.06.2021 को विज्ञापन संख्या 7 / 22 और 581 पदों के लिए दिनांक 30.12.2022 को विज्ञापन संख्या 2 / 23 जिसे डीएसएसएसबी द्वारा विज्ञापित किया गया है।

Geeta Thakur

DDE (LW)
Dte. of Education
G.N.C.T. of Delhi